## साधारण सभा की बैठक में नेताप्रतिपक्ष ने उठाया मुद्दा

# शौचालय निर्माण में घोटाले के आरोप से गूंजा सदन

**हंगामें के बीच बैठक कल तक के लिये स्थगित**

जबलपुर।

नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में एजेंडे में शामिल सभी 18 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिये गये। अन्य विषयों में अध्यक्ष की सहमति से डोर टू। कलेक्शन और जल संकट पर कल गुरुवार दोबारा चर्चा होगी। 18 प्रस्तावों में जनहित से जुड़े मुद्दों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। यद्यपि गंदगी पर 50 हजार से 1 लाख का जुर्माना लगाने के मुद्दे पर विपक्ष ने स्पष्टीकरण मांगा जिसपर सत्तापक्ष की ओर से जवाब दिया गया की सड़क पर मलबा फैलाने वालों और प्लास्टिक उद्योग उत्पादन आयात भंडारण वितरण पर यह जुर्माना लागू होगा।

नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने जोन नम्बर 13 और 14 लोक निर्माण विभाग डिवीजनल इंजीनियर नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर उपसचेतक आयोध्या तिवारी ने तंज कसते हुये कहा की आप इंजीनियर की बात कर रहे यहां सवा साल से आधी अधूरी एमआईसी है। यह किसी का व्यक्ति विशेष मामला नहीं है, भगवान भरोसे सब चल रहा है। इसी तरह वाटर हारवेस्टिंग सबसे पहले निगम मुख्यालय में लगाने की मांग उठाई गई। बड़े नालों की सफाई के लिये मात्र 2 सुपर सकर मशीन उपलब्ध होन पर भी सवाल खड़े किय गये। पार्षद आयोध्या तिवारी ने कहा की शहर में 16 जोन हैं, कम से कम 8 मशीन तो होनी ही चाहिये।

### यह प्रस्ताव हुये पारित

वहीं बैठक में घमापुर सड़क चौड़ीकरण हेतू भूमिअधिग्रहण मुआवजा मंजूर किया गया। वहीं आशीष हास्पिटल से मदन महल स्टेशन मार्ग शरद चंद तिवारी के नाम किये जानें, धर्मायतन जिन मंदिर के मार्ग को भगवान महावीर स्वामी मार्ग, इसी तरह करमेता पाटन रोड मार्ग पर स्थित ज्ञनयातन जिन मंदिर प्रवेश मार्ग को भगवान आदिनाथ के नामकरण किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अलावा रविशंकर शंकर शुक्ल स्टेडियम मार्केट में दुकानों के किराए वृध्दि के प्रस्ताव, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, गंदगी फैलाने पर जुर्माने सहित अन्य विषयों पर प्रस्ताव पास हुये। जिसके बाद बैठक गुरुवार 12 मई तक के लिये स्थगित कर दी गई।






नगर निगम की साधारण सभा की बैठक सोमवार को पंडित भवानी प्रसाद सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष रिंकुज विज, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', और नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ। मनमोहन सिंह, पत्रकार महेश महदेले, पार्षद जितेंद्र कटारे की नानी और पार्षद राहुल साहू के पिता सहित दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा।

### स्वच्छता अभियान में फर्जीवाड़े का आरोप

नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा के एक आरोप ने सदन में हलचल मचा दी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 5-6 वर्ष पूर्व स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बनाए गए शौचालयों में बड़ा घोटाला हुआ है। उनके अनुसार अधिकांश शौचालय केवल कागजों पर बने और करोड़ों रुपये का गबन हुआ। जिन लोगों के नाम पर शौचालय बनाए गए, उनके नाम और मोबाइल नंबर भी फर्जी पाए गए हैं।भाजपा पार्षद कमलेश अग्रवाल और जल प्रभारी दामोदर सोनी ने भरोसा दिलाया कि यदि शिकायत सही पाई गई, तो दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गंदगी फैलाने पर जुर्माने का प्रस्ताव

सदन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर एक नया प्रस्ताव पेश किया गया, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने का नियम लाने की बात कही गई। नेता प्रतिपक्ष ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण सेवा ही ठप है, तो लोग मजबूरी में कचरा बाहर फेंक रहे हैं। ऐसे में उन पर जुर्माना लगाना अन्यायपूर्ण होगा। इसके बाद जल प्रभारी द्वारा परिपत्र पढ़कर स्थिति स्पष्ट की गई।

### सदन के बाहर प्रदर्शन

सदन के भीतर जहां विकास की बात हो रही थी, वहीं बाहर हकीकत कुछ और थी। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले कर्मचारी पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने के कारण प्रदर्शन कर रहे थे। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के नागरिक जल संकट को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। इससे स्पष्ट है कि जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान अब भी अधूरा है।

नगर निगम पहुंचे नागरिकों ने नियमित जलापूर्ति की मांग की और महापौर एवं दोषियों के विरोध में नारेबाजी की। जनता के समर्थन में पार्षदों को बैठक बीच में छोड़कर सदन से बाहर आना पड़ा। जनता मुखर हुई तो महापौर को भी बैठक में जारी चर्चा को बीच में छोड़कर बाहर आना पड़ा। जनता से मुखातिब महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जनता की समस्याओं को सुना और शीघ्र निदान का आश्वासन दिया।

### सफाई कर्मियों ने एजेंसी पर लगाए गंभीर आरोप

नगर निगम की सफाई की जिम्मेदारी देख रही एजेंसियों की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। बीते तीन महीने से पारिश्रमिक से वंचित सफाई कर्मियों ने नगर निगम पहुंचकर नारेबाजी की और महापौर से बकाया पारिश्रमिक तत्काल प्रदान करने की गुहार लगाई। बाबा बर्फानी एजेंसी पर सफाई कर्मियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्ज लेकर घर चला रहे स्वच्छता कर्मियों की बात सुनने के बाद महापौर ने उनको तीन दिन में पारिश्रमिक का भुगतान प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

## खूनी नाले की समस्या पर विधायक ने दिए कार्यवाही के निर्देश

**रविन्दनाथ टैगोर वार्ड का निरीक्षण जनता की समस्याएं सुनी**

जबलपुर। रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड की जलप्लावन समस्या और खूनी नाले के गंदे पानी से क्षेत्र में जनता को होने वाली परेशानी पर संज्ञान लेकर विधायक लखन घनघोरिया क्षेत्र का निरीक्षण नगर निगम अधिकारियों को तत्काल यहां साफ सफाई और पानी का अवरोध दूर करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि हर साल बारिश के मौसम में नाले का गंदा पानी घरों में भर जाता है, जिससे नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया ने क्षेत्र का निरीक्षण कर नगर निगम अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया कि खूनी नाले के ऊपर



एक स्कूल बना है, जहां पढ़ने वाले बच्चों का जीवन खतरे में है। यह स्थिति हर साल की बारिश में और अधिक खतरनाक हो जाती है। जनता ने विधायक को यह भी बताया कि सुब्बाशाह मैदान से पंचकुइयां-हड्डी गोदाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर वक्फ कमेटी द्वारा खंभे गाड़कर रास्ता बंद कर दिया गया है। इससे आमजन, एम्बुलेंस, फोर व्हीलर और पानी के टैंकरों का आवागमन बाधित हो रहा है। जनाजे निकालने में भी परेशानी हो रही है। विधायक ने इसे जनहित के खिलाफ और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अव्हेलना बताया। निरीक्षण के दौरान विधायक घनघोरिया ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमण, जिनमें तालीम का मरकज चलाने वाले भी शामिल हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर नगर निगम के संभागीय अधिकारी महेंद्र उईके, पार्षद गुलाम हुसैन, पूर्व पार्षद आजम अली खान, जहूर खान, सिकंदर खान, तौफीक चंकी, एजाज़ अंसारी, हारून मंसूरी, इकराम, अराफात खान, समीर, महबूब भाई, अजहर, मुख्तार अली, फिज्जू खान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक भी मौजूद रहे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री वर्मा का जबलपुर आगमन आज

**जबलपुर**। केंद्र शासन के उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा का बुधवार 11 जून को दोपहर 3.10 बजे नई दिल्ली से वायुयान द्वारा जबलपुर आगमन होगा। केंद्रीय राज्य मंत्री वर्मा यहाँ शाम 5.15 बजे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह से उनके निवास पर सौजन्य भेंट करेंगे तथा शाम 6 बजे प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे एवं शाम 6.30 बजे शहीद स्मारक गोलबाजार प्रोफेशनल मीट में शामिल होंगे। श्री वर्मा रात 8 बजे विधायक अशोक रोहाणी के निवास पर भोजन करेंगे तथा रात्रि विश्राम होटल नर्मदा जेक्शन में करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री गुरुवार 12 जून की सुबह 9.30 बजे पार्टी के जिला महामंत्री के निवास पर स्वल्पाहार करेंगे तथा सुबह 10.30 बजे भेडाघाट पहुँचेंगे।



## जनसुनवाई में आये 171 आवेदन

**जबलपुर**। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 171 आवेदन दिये। जिसमें 139 नये आवेदन हैं तथा 32 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई- झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गोंड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

## त्रैमासिक योगा कैंप एवं समर कैंप का शुभारंभ 11 जून से

**मप्र पुलिस, आरपीएफ एवं प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन का संयुक्त आयोजन**

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश पुलिस, रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) एवं प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में त्रैमासिक योगा कैंप एवं मासिक समर कैंप का शुभारंभ 11 जून को सुबह 6 बजे आईजी आरपीएफ व एसपी जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कैंप में योगाचार्य दीपक द्वारा पुलिस ग्राउंड एवं रेलवे ग्राउंड में पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराकर प्रशिक्षित किया जाएगा। कैंप सुबह 6 बजे से 7.30 बजे प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। समर कैंप में बच्चों को दी जाएगी गेम्स की ट्रेनिंग दी जाएगी आईजी आरपीएफ ने बताया पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए एक माह का समर कैंप भी आयोजित किया गया है। 11 जून से एक माह तक चलने वाले समर कैंप में इनडोर व आउटडोर गेम्स में रूचि रखने वाले बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक्सपर्टस द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। एक माह बाद इन बच्चों के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। समापन पर विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बुधवार को शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे

**जबलपुर**। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह बुधवार 11 जून को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह बुधवार को दोपहर 12 बजे होटल गुलजार में आयोजित सोशल मीडिया कार्यशाला में, दोपहर 1 बजे घंटाघर के समीप स्थित कन्वेंशन संटर में सफाई संरक्षकों के सम्मान समारोह में तथा शाम 4 बजे होटल नर्मदा जेक्शन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे कार द्वारा जबलपुर से छिंदवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।



### पोट्रेट और चारकोल कार्यशाला के साथ ब्लूम आर्ट कला उत्सव का समापन

**जबलपुर**। नृत्यांजली कला अकादमी एवं कला वृक्ष गुरुकुल के संयुक्त तत्वावधान में ब्लूम आर्ट कला के रचनात्मक उत्सव के समापन पर पोट्रेट और चारकोल की कार्यशाला में 60 से अधिक युवाओं ने सहभागिता की। खैरागढ़ यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप किंडो ने पोट्रेट एवं चारकोल के निर्माण की बारीकियों का ज्ञान दिया।समारोह में युवाओं द्वारा निर्मित 50 से अधिक कला पेंटिग को प्रस्तुत किया गया। साथ ही चित्रकला ,पोट्रेट एवं चारकोल के प्रतिभागियों को उत्तराखंड की कलागुरु डॉ.सरिता पांडे दमोह,वरिष्ठ कलाकार डॉ.समता दुबे,शलभ नायक,कामना नायक, राजेश पाठक प्रवीण,आलोक पाठक ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।अतिथि स्वागत अरुक्षा नायक एवं अनुभव दुबे अथर्व नायक ने किया।

## हाई कोर्ट ने उपयंत्री के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर लगाई रोक

**गिरफ्तारी वारंट जारी कर जेल भेजने की चेतावनी का प्रकरण**

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने जनपद पंचायत राहतगढ़, सागर की उपयंत्री कंचन चौधरी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी। जस्टिस प्रणय वर्मा की सिंगल बेंच ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। मामला गिरफ्तारी वारंट जारी कर जेल भेजने की चेतावनी से संबंधित है। याचिकाकर्ता कंचन चौधरी की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जिला पंचायत सागर द्वारा 28 अप्रैल,2025 को मध्य प्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा-92 के तहत याचिकाकर्ता को साढ़े



पच्चीस लाख रुपये की वसूली राशि निकालते हुए उसे नौ मई तक ग्राम पंचायत सेमराहट के खाते में जमा कर राशि पेश करने के निर्देश दिए थे। ऐसा न होने की स्थिति में गिरफ्तारी वारंट के जरिए उन्हें जेल भेजे जाने की चेतावनी दी गई थी। उक्त आदेश के क्रियान्वयन रोक लगाते हुए हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई पर रोक लगाते हुए अनावेदकों से जवाब मांगा।

## जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान

**संत कबीर जयंती समारोह एवं पौधारोपण**

**जबलपुर**। जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान" यह कबीरदास जी का एक प्रसिद्ध दोहा है। इसका अर्थ है कि किसी साधु की जाति नहीं पूछनी चाहिए, बल्कि उसका ज्ञान, उसकी समझ और उसके विचारों को देखना चाहिए। दूसरे शब्दों में, किसी व्यक्ति का मूल्य उसकी जाति या जन्म से नहीं, बल्कि उसके ज्ञान और चरित्र से निर्धारित होता है, यह बात वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी ने समरसता सेवा संगठन के द्वारा संत कबीर दास जी की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित जयंती समारोह के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में कही। समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के




मुख्य अतिथि शिक्षाविद शिवकुमार सिंह ठाकुर, मुख्य वक्ता साहित्यकार विजय तिवारी, विशिष्ट अतिथि एन पी झारिया, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी मंचासीन थे।

संत कबीर दास जयंती पर समरसता सेवा संगठन ने जयंती समारोह के बाद नर्मदा उद्यान में मोल का पौधा लगाकर पौधारोपण किया और उपस्थित जनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर राज सागरी, सुरेश विचित्र, के एल कोष्टा, शंकर लाल गौंटिया, जगदीश नाहर, दीपचंद विनोदिया, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, डैनी बुंदेला, अमित मेहरा, चमन लाल दोहरे, कृष्णा पटेल, आयुष चौरसिया, मंगेश गौंटिया, अमृत लाल मेहरा, अनिल जैन, राकेश झारिया प्रदीप पटेल, अनिल तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, अंशुमान असाठी के एल सेन, शिवबहादुर श्रीवास, एन के दास, भरत बिरहा, संतोष राठौर, निशा विश्वकर्मा, मधु गुप्ता, वनिता मालवीय, देवेश्वर मोदी, रामसेवक पटेल, जगदीश यादव, कन्हैया लाल गुप्ता, योगेंद्र मालवीय उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को होंगे प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम

**जीएडी ने जारी किये दिशा-निर्देश**

**जबलपुर**। प्रदेश में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। वर्ष 2015 से सारी दुनिया में योग के प्रति उत्साही भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंट डाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। प्रदेश के समस्त संस्थानों में योग दिवस में भाग लेने के लिये आयुष मंत्रालय भारत सरकार की लिंक http://yoga.ayush.vog.in/yoga.sangam में आयोजक के रूप में पंजीयन कराया जाना है। जिससे भारत सरकार स्तर पर प्रदेश में आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम "एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिये योग" रखी गई है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिये विशेष व्यवस्था की जा रही है। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत 21 जून को प्रातः 6 बजे से होगी। सामूहिक योग की प्रक्रिया प्रातः 7.45 पर संपन्न हो जायेगी।

## सहायक कुलसचिव शहडोल भेजी गईं...!

# रादुविवि कुलगुरु मामले में मुख्य गवाह का तबादला

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीयू) के कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा पर महिला अधिकारी द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच कर रही विशेष जांच टीम के बीच एक चौंकाने वाला प्रशासनिक फैसला सामने आया है। इस प्रकरण की अहम गवाह मानी जा रहीं सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी का देर रात तबादला कर दिया गया है, जिससे जांच प्रक्रिया और सरकार की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं।

सुनीता देवड़ी का तबादला शहडोल के पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में किया गया है, वहीं वहां पदस्थ रहे पवन साहू को आरडीयू भेजा गया है। इस तबादले की पुष्टि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी तबादला सूची से हुई है, जिसमें कुल 15 अधिकारियों के नाम शामिल हैं। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी



है सुनीता देवड़ी की पदस्थापना में किया गया यह फेरबदल।

एसआईटी को 16 जून तक रिपोर्ट सौंपनी है, और ऐसे समय में एक महत्वपूर्ण गवाह को स्थानांतरित करना न केवल संदिग्ध नजर आता है, बल्कि जांच की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करता है।

### विश्वविद्यालय परिसर में चर्चाओं का दौर

*आरडीयू के गलियारों में इस पूरे घटनाक्रम को एसआईटी जांच से जोड़कर देखा जा रहा है। कर्मचारियों और शिक्षकों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि कहीं यह तबादला राजनीतिक या प्रशासनिक दबाव का परिणाम तो नहीं है? हालांकि कुछ अधिकारी इस निर्णय को सामान्य तबादला प्रक्रिया का हिस्सा बता रहे हैं।*

### तबादला नीति का उल्लंघन

*विशेष बात यह है कि सुनीता देवड़ी की सेवानिवृत्ति में केवल एक वर्ष शेष है, और शासन की ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार ऐसे अधिकारी या कर्मचारी जिनकी सेवा अवधि एक वर्ष या उससे कम शेष है, उनका तबादला नहीं किया जाना चाहिए। यही नहीं, देवड़ी की भर्ती भी मूल रूप से आरडीयू में ही हुई थी, जिससे उनका स्थानांतरण और भी अधिक असंगत माना जा रहा है। विशेषज्ञों और विभागीय सूत्रों का मानना है कि यह निर्णय तबादला नीति के स्पष्ट उल्लंघन की श्रेणी में आता है और इसकी जांच या समीक्षा की मांग उठ सकती है।*

### जांच पर प्रभाव की आशंका

राज्य शासन द्वारा गठित तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी अभी मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ऐसे में एक प्रमुख गवाह का स्थानांतरण रिपोर्ट की निष्पक्षता और सटीकता पर प्रभाव डाल सकता है। यदि सुनीता देवड़ी का बयान या भूमिका महत्वपूर्ण है, तो उनका स्थानांतरण न केवल जांच में विलंब कर सकता है, बल्कि उसमें बाधा भी उत्पन्न कर सकता है।

## धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज की मंगल देशना

# मोबाइल से हो रहा है मर्यादा का पतन

हरिभूमि जबलपुर।

आचार्यश्री विद्यासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने अपनी मंगल देशना में कहा कि जब समस्त कर्मों का आश्रव रुक जाता है, तभी वीतराग विज्ञान का उदय होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भौतिक सुख-साधनों की प्राप्ति हेतु जो ज्ञान प्रयोग में लाया जाता है, वह वीतराग विज्ञान नहीं होता। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल एक ओर जहां समस्त संसार की जानकारी देता है, वहीं दूसरी ओर यह युवाओं के लिए अत्यंत हानिकारक भी बन गया है। वर्तमान पीढ़ी मोबाइल का सदुपयोग कम और दुरुपयोग अधिक कर रही है। छोटे से इस उपकरण में संपूर्ण संसार समाहित है, परंतु इसमें प्रदर्शित चित्रों और विषय-वस्तुओं से युवाओं के मन में विकृति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा, "मोबाइल के कारण सबसे अधिक मर्यादा का उल्लंघन हो रहा है, और यह नैतिक पतन का




कारण बनता जा रहा है।" आचार्यश्री ने जीवन में सुख और शांति पाने के लिए आधुनिकता की दौड़ को त्यागकर प्राचीन जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का विज्ञान केवल अर्थ की ओर केंद्रित है, परमार्थ की ओर नहीं। इसलिए हमें अपनी मौलिकता को बनाए रखते हुए परमार्थ की ओर दृष्टि करनी चाहिए।

धर्मसभा की शुरुआत रोली जैन (शाहपुर) द्वारा मंगलाचरण पाठ से हुई। आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के तैलचित्र के समक्ष इंदौर जैन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने दीप प्रज्ज्वलित किया। शाहपुर, टिमरनी और जिंतूर के श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पित कर आराधना की। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य सुदीप सोनू को और पादप्रक्षालन का अवसर मनोज आराधना को प्राप्त हुआ। सभा के दौरान टिमरनी में 20 जून से आरंभ होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन भी इंदौर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। धर्मसभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**फनवानी।** ग्राम पिपरिया खभरा में चल रही सप्त दिवसीय श्री मद्भागवत कथा के षष्ठं दिवस में आचार्य श्री तरुण कृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से भगवान के चौबीस अवतारों का वर्णन किया गया एवं भगवान श्री कृष्ण ब्रंदावन से मथुरा जाकर कंस का उद्धार किया फिर वहाँ से दृवारिका का



निर्माण किया उद्धव प्रसंग जनता को बताया फिर भगवान कृष्ण का माता लक्ष्मी स्वरूपा श्री रुकमणी जी बिबाह संपन्न हुआ। धर्म की बिजय हुई अधर्म का नाश हुआ श्री मद्भागवत कथा में समस्त क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुन्यलाभ के सहभागी बन रहे हैं।

# 5वीं-8वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारम्भ

**सिहोरा।** राज्य शिक्षा केंद्र के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सिहोरा में 5 वीं और 8वीं पूरक पुनः परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य मंगलवार से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में शुरू हो गया है। प्रभारी प्राचार्य विनोद पटेल,बी.आर.सी.सी. सिहोरा बृजेश श्रीवास्तव,बी.ए.सी.अश्वनी उपाध्याय के मार्गदर्शन में यह कार्य संचालित किया जा रहा है। हेड वैल्यूअर अशोक तिवारी, राजेश नेमा, संजीव शर्मा, बी.ए.सी.संजीव गुप्ता और कंट्रोल रूम प्रभारी अनिल विश्वकर्मा ने मूल्यांकन प्रक्रिया का शुभारंभ कराया।

मूल्यांकन कार्य में प्रत्येक कक्ष के प्रभारी के रूप में 8 वीं कक्षा के लिए रामलखन तिवारी, बृजेश



झारिया,अब्दुल रहीम खान और 5 वीं कक्षा के लिए रामशरण बागड़ी, रूपाली श्रीवास्तव, राजेश्वरी सोनी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष लखेरा,प्रमोद नामदेव, विष्णु पटेल, योगेन्द्र मिश्रा,संजीव उरमलिया भी मूल्यांकन प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं। बी.आर.सी ने बताया कि प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के विषयवार लगभग 40 मूल्यांकनकर्ताओं को इस कार्य में लगाया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण और संकलन के लिए एक स्ट्रांग रूम भी बनाया गया है।

## सन्मति जैन अध्यक्ष बने

# सकल जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी गठित

**सिहोरा।** सकल जैन समाज सिहोरा की नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा पंचायती जैन मंदिर में की गई। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो.सुरेन्द्र जैन, निर्मल चंद जैन,डॉ.राजकुमार जैन,संजय जैन द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज,नगर गौरव मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज के चित्र पर अनावरण एवं द्वीप प्रज्वलन किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य माणिकचंद जैन द्वारा नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें सन्मति जैन अध्यक्ष,विमल जैन,संजय जैन एडवोकेट, विमलेश जैन, विनय जैन उपाध्यक्ष,अरुण सिंघई व्यवस्थापक,आकाश जैन सह व्यवस्थापक,सुनील जैन कोषाध्यक्ष,सुनील जैन नीलू सह कोषाध्यक्ष, ऋषभ जैन मंत्री,सत्येंद्र जैन सहमंत्री एंव आलोक जैन को प्रचार मंत्री बनाया गया।पंडित मनीष शास्त्री को प्रतिष्ठाचार्य एवं आनंद प्रकाश जैन को मुनि सेवा व्यवस्था समिति के प्रमुख का दायित्व सौंपा गया एंव समाज के पूर्व अध्यक्ष मुलायम चंद जैन को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। इसी तरह संरक्षक सदस्य संजय जैन, जवाहर जैन,आनंद जैन कुम्ही वाले रहेंगे। कार्यकारिणी में महिला परिषद अध्यक्ष जयश्री जैन आमंत्रित सदस्य रहेंगी सांस्कृतिक कमेटी में सची जैन,माया जैन,ज्योति जैन,मुक्ता जैन,संगीता सिंघई,शिरस जैन,अंजना जैन को सदस्य बनाया गया है। संचालन ऋषभ जैन ने किया।

## वीडियो फुटेज लेकर घर पहुंच गई पुलिस

# एक्टिवा में सवार होकर घूमने निकले पांच लोग

हरिभूमि जबलपुर।

गाड़ी में 5 लोगों को बैठाकर बाजार घूमने वाले जब घर लौटे तो पीछे पीछे पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने वीडियो फुटेज दिखाते हुए उक्त वाहन को जप्त कर ले गई। जानकारी के मुताबिक शिवनगर अधारताल क्षेत्र के रहने वाले 5 सदस्य महिला सहित एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसटी 5667 घूमने के लिए निकले थे। वाहन चालक ने न तो हैलमेट धारण किया हुआ था और न ही उसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट थी। शहर की सड़क पर घूमने के बाद वह अपने घर चले गए।



इधर पुलिस के एक सीसीटीवी कैमरे में एक्टिवा में 5 सवारी का फुटेज कैद हो गया। पुलिस, वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर एक्टिवा सवार के घर पहुंच गई। बताया जाता है कि एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसटी 5667 रूकमणी केवट के नाम पर है।

# जबलपुर रेल मंडल ने कमाए 367 करोड़ रुपये

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल ने पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में मालगाड़ियों द्वारा माल ढुलाई करके सर्वाधिक वाणिज्यिक आय अर्जित किया है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन में एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक डॉ। मधुर वर्मा के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार किये जा रहे इन प्रयासों के परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वतीय माह ( 01 मई 2025 से 31 मई 2025) में कुल 3।76 मिलियन टन माल लदान से मंडल को राशी 367।53 करोड़ रूपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है।

## संस्कारधानी के उभरते बास्केटबॉल खिलाड़ी ने बढ़ाया शहर का गौरव

# कृष्णा सुनेरिया का भारतीय बास्केटबॉल दल में चयन

हरिभूमि, जबलपुर।

भारतीय खेल प्राधिकरण, साई प्रशिक्षण केंद्र, जबलपुर के कृष्णा सुनेरिया बोर्डिंग स्कीम के खिलाड़ी तथा आयुषी यादव डे बोर्डिंग के खिलाड़ी का साबा अंडर 16 बास्केटबॉल चैम्पियनशिप, 2025 के लिए लिए आयोजित भारतीय बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ था। अंडर 16 भारतीय पुरुष वर्ग का शिविर इन्दौर में तथा महिला वर्ग का चैन्नई में 18 मई से 11 जून, 2025 तक आयोजित किया गया। कृष्णा इंदौर तथा आयुषी चेन्नई में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में अभ्यासरत थे। जबलपुर के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सेठीनगर, रामपुर स्थित युवा भवन के इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट में साई बास्केटबॉल कोच विकास यादव, हरप्रीत कौर से विगत 2-3 वर्षो से मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

कृष्णा सुनेरिया पुरुष वर्ग केम्प में चयनित के बाद, भारतीय बास्केटबॉल दल के साथ SABA U-16 बास्केटबॉल चैंपियनशिप मेल




(मालदीव्स) में 12 जून, 2025 से दिनांक 15 जून, 2025 तक आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेगें। भारतीय दल आज मालदीव्स के लिए रवाना होगी।

इस सफलता के लिए कृष्णा सुनेरिया को साई बास्केटबॉल कोच विकास यादव, हरप्रीत कौर, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच कुलदीप सिंह बरार तथा राज्यीय बास्केटबॉल कोच जगजीत सिंह, अर्जुन अवार्डी मधु यादव, म.प्र.ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजयसिंह, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी आशीष पांडेय, जॉफ सचिव बलदेवराज धूपर, शालेय खेल अधिकारी मधुमिता हाजरा, म.प्र.बास्केटबॉल तकनीकी समिति के चेयरमैन श्रीराम तिवारी, राकेश मिश्रा, अमित अम्ब्रोस, अतुल ग्रेबियल, प्रफुल्ल रैकवार, विप्लव कुमार एवं साई जबलपुर की केन्द्र प्रभारी दुर्गेश नंदनी, और नगर के समस्त बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी शुभकामनायें प्रेषित की।

# संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**जबलपुर।** कर्मचारी-अधिकारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 11 जून को सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित होगी। बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्धारित एजेंडा से संबंधित संपूर्ण जानकारी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों से भी बैठक में मौजूद रहने का आग्रह किया गया है।

# पति ने मारपीट कर घर से निकाला, मामला दर्ज

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत बेदीनगर छुई खदान निवासी एक महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति के विरुध्द प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेदीनगर छुई खदान निवासी महेन्द्र डेहरिया से मुस्कान मेहरा की तीन साल पहले शादी हुई थी, उसकी 2 साल की एक बच्ची भी है. शादी के बाद से ही पती दहेज में कार की मांग को लेकर मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा. गत 6 जून को पती ने मारपीट कर घर से निकाल दिया. पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी पती के खिलाफ धारा 296, 85, 115(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## शराब पीने के लिये रूपय नहीं देने पर मारपीट

**जबलपुर।** थाना गढ़ा अंतर्गत छुई खदान में कल देर रात शराब पीने के लिये 300 रुपये नहीं देने पर एक शराबी युवक ने एक दूसरे युवक के साथ मारपीट की घटना के संबंध में गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंद चक्रवर्ती रज्जू कुम्हार के घर के सामने रोड पर शराब पी रहा था, पीते पीते शराब खत्म हो गई. इस बीच उसने विजय बर्मन से शराब पीने के लिये 300 रूपये मांगे, मना करने पर आनंद चक्रवर्ती ने गाली गलौच करते हुये उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# लावारिस महिला व युवक का मोक्ष ने किया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** तिलवाराघाट में एक 65 साल की वृद्धा ने इलाज और मदद के आभाव में दम तोड़ दिया। महिला यहां दो दिनों से बीमार अवस्था में कराहती रही। आते-जाते लोगों ने देखा लेकिन किसी ने उसकी सुध नहीं ली। इस अज्ञात महिला की सांसे थमने की सूचना राहगीर गजेन्द्र ने तिलवारा और गढ़ा पुलिस को भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद समाजसेवी संस्था मोक्ष मानव सेवा समिति के प्रमुख आशीष ठाकुर की सूचना पर तिलवारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाया। उसके बाद लाश कफन दफन के लिये मोक्ष मानव सेवा संस्था को सौंप दी। संस्था की ओर से अज्ञात वृद्धा का अंतिम संस्कार तिलवाराघाट मुक्तिधाम में किया गया। इसी तरह गत दिवस ट्रेन में सफर कर रहे एक युवक की अज्ञात कारणों से हुई मौत के बाद जीआरपी पुलिस ने मोक्ष संस्था को इसकी सूचना दी। तमाम कानूनी औपचारिकता होने के बाद इस युवक का भी अंतिम संस्कार मोक्ष संस्था द्वारा किया गया। इस कार्य में आकाश कोरे, प्रशांत श्रीवास, वीरू वर्मन, सरजू आदि ने सहयोग किया।




**श्रीमती कांति देवी शर्मा-** अधारताल संजय नगर पावर हाउस के पास निवासी श्री राम प्रकाश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कांति देवी शर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई चौरसिया-** गोरखपुर नरसिंह वार्ड निवासी श्री नर्मदा चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई चौरसिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ललता बाई पटेल-** अवंती विहार रामनगर रामपुर निवासी श्री भैया लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती ललता बाई पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील पटेल-** आमनपुर प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री सुशील पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जेठानंद परयानी-** प्रगतिशील कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री जेठानंद परयानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक मेनानी-** भानतलैया सिंधी कैंप रोड निवासी श्री जैशन लाल मेनानी के पुत्र श्री दीपक मेनानी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव-** शिवराज चौहान नगर गौरीघाट ललपुर रोड निवासी श्री बलराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हमराज तामिया-** प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री हमराज तामिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा बाई बिरहा-** लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री इंद्रपाल बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा बाई बिरहा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छिदामी लाल-** मदनमहल आमनपुर नई बस्ती निवासी श्री छिदामी लाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मयंक शर्मा-** कछियाना ओम कला मंदिर चांदमारी रोड निवासी श्री निरंजन शर्मा के पुत्र श्री मयंक शर्मा (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्पना-** अखिलालय अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री मोतीराम की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशोरी लाल गौतम-** ज्योति मॉल के पीछे निवासी श्री किशोरी लाल गौतम (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती काजल झारिया-** ललित कॉलोनी निवासी श्री राकेश झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती काजल झारिया (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मदन मुरारी राव-** रामनगर अधारताल निवासी श्री मदन मुरारी राव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला गौर-** पुरानी पीपी कॉलोनी निवासी श्री मेवालाल गौर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला गौर (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री काशी प्रसाद पटेल-** मानेगांव रांझी पटेल नगर निवासी श्री काशी प्रसाद पटेल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

*यह बैठक 2023 की भयावह हिंसा के बाद पहली गंभीर राजनीतिक पहल मानी जा रही है, जिसका मकसद लंबे समय के लिए स्थायी समाधान तलाशना है। इस बातचीत में गृह मंत्रालय की चार सदस्यीय टीम शामिल थी, जिसकी अगुवाई केंद्र सरकार के विशेष वार्ताकार एके मिश्रा ने की।*

**मणिपुर संकट पर केंद्र सरकार की बड़ी पहल**

# कूकी-जो समूहों के साथ पहली बार औपचारिक बातचीत की, स्थायी समाधान में मिलेगी मदद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मणिपुर में जारी जातीय और राजनीतिक तनाव को सुलझाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए केंद्र सरकार ने सोमवार, 9 जून को दिल्ली में कूकी-जो 'ऑपरेशन निलंबन' (एसओओ) समूहों के साथ पहली बार औपचारिक बातचीत की। यह बैठक 2023 की भयावह हिंसा के बाद पहली गंभीर राजनीतिक पहल मानी जा रही है, जिसका मकसद लंबे समय के लिए स्थायी समाधान तलाशना है। इस बातचीत में गृह मंत्रालय की चार सदस्यीय टीम शामिल थी, जिसकी अगुवाई केंद्र सरकार के विशेष वार्ताकार एके मिश्रा ने की। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में इंफाल में सीबीआई द्वारा एक मैतेई समूह के नेता की गिरफ्तारी के बाद फिर से हिंसा भड़क उठी। इस पृष्ठभूमि में यह संवाद सियासी पहल को फिर से ज़िंदा करने की एक नई उम्मीद बनकर सामने आया है।

**खास बातें**

- एसओओ समझौते की दोबारा समीक्षा की जाएगी
- अगले हफ्ते एक और दौर की बैठक करेगी सरकार




### मैतेई उग्रवादी शिविरों को हटाएं

*प्रतिनिधिमंडल ने कांगपोकपी जिले के सदर हिल्स क्षेत्र में मौजूद मैतेई उग्रवादी शिविरों को हटाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक ये शिविर मौजूद हैं, क्षेत्र में शांति की उम्मीद और आपसी भरोसा दोनों कमजोर पड़ते रहेंगे, और एसओओ समूहों के लिए अपने कैडरों की वापसी या तैनाती पर विचार करना असंभव होगा।*

### शांति बहाल के लिए मंथन

एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि, इस बैठक में मणिपुर में शांति बहाल करने और लंबी अवधि के हल तलाशने को लेकर एक रूपरेखा पर बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि मैतेई और कूकी-जो इलाकों के बीच आने-जाने में कोई रुकावट न हो, इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्गों को पूरी तरह खोलने की बात कही गई। दरअसल, मणिपुर की इम्फाल घाटी जो चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है, वहां जरूरी सामान पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-2 और 37 बेहद अहम हैं।

#### त्रिपक्षीय समझौता है एसओओ

एसओओ का अर्थ है 'परिचालन निलंबन' (सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन्स)। यह एक त्रिपक्षीय समझौता है जो भारत सरकार, राज्य सरकार और कुकी-जो उग्रवादी समूहों के बीच हुआ था, जिसका उद्देश्य हिंसा को कम करना और राजनीतिक बातचीत शुरू करना था। एसओओ के समझौते के तहत 2008 में मणिपुर में उग्रवादी समूहों के साथ युद्धविराम समझौते के रूप में हस्ताक्षर किया गया था।

### एसओओ के नियमों का किया उल्लंघनः केंद्र

*दूसरी ओर कूकी-जो समुदाय की ओर से यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) और कूकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) के पांच प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख तौर पर यूपीएफ के एरन किपगेन और केएनओ के डॉ. सैलन हाओकिप शामिल हुए। इस दौरान सरकार ने इन समूहों को साफ तौर पर बताया कि उन्होंने एसओओ के तय नियमों का कई बार उल्लंघन किया है। इसके साथ ही मैतेई समुदाय के इलाकों के पास बने उनके कैंपों को या तो बंद करने या कहीं और शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। गृह मंत्रालय अब एसओओ समझौते के नियमों की दोबारा समीक्षा कर रहा है।*

**मैतेई समूह ने मणिपुर बंद के आह्वान में ढील दी**

*इंफाल। मैतेई समूह अरामबाई तेंगोल ने घोषणा की है कि वह अपने एक वरिष्ठ नेता की गिरफ्तारी और सुरक्षा एजेंसियों की ओर से समूह के खिलाफ दर्ज मामलों के विरोध में तीन दिन पहले किए गए 10 दिवसीय मणिपुर बंद के आह्वान में ढील देगा। मणिपुर में अरामबाई तेंगोल के नेता कानन सिंह और चार अन्य की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया और इंफाल घाटी के कई जिलों में सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई। अरामबाई तेंगोल के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) रॉबिन मंगंग ख्वाइराकपम ने कहा कि हमने 10 दिन के बंद का आह्वान किया था, लेकिन हम इसमें ढील दे रहे हैं।*

**राजनीतिक वार्ता को प्राथमिकता दें: कूकी-जो**

*बैठक में कूकी-जो प्रतिनिधियों ने साफ शब्दों में कहा कि अगर राजनीतिक समाधान पर गंभीरता नहीं दिखाई गई, तो राजमार्ग खोलने या विस्थापितों के पुनर्वास जैसे मुद्दों पर चर्चा का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। उनका कहना था कि जब तक राजनीतिक वार्ता को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक बाकी सारे कदम सिर्फ सतही साबित होंगे।*

---

**ऑस्ट्रिया के स्कूल में अंधाधुंध फायरिंग**

स्थिति नियंत्रण में अब कोई खतरा नहीं

# अब तक 11 लोगों की मौत हमलावर भी ढेर, कई घायल



एजेंसी ▸▸ वियना

ऑस्ट्रिया के एक स्कूल में भीषण फायरिंग की खबर है। इस घटना में कम से कम 11 लोगों के मारे जाने की खबर है। ऑस्ट्रिया के शहर ग्राज में मंगलवार को एक स्कूल में एक शूटर द्वारा की गई गोलीबारी 11 लोगों की मौत हुई है। इस घटना में कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। राष्ट्रीय प्रसारक ओआरएफ सहित ऑस्ट्रियाई राज्य मीडिया ने कहा कि छात्रों और शिक्षकों सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### मेयर ने शूटर के मौत की पुष्टि की

ग्राज के मेयर एल्के कहर ने बताया कि मृतकों में शूटर भी शामिल है। सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद बोर्ग ड्रेयरस्चुएत्जेन्गासे हाई स्कूल में विशेष बल भेजे गए। सुबह 11.30 बजे पुलिस ने सोशल नेटवर्क 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित मीटिंग पॉइंट पर ले जाया गया है। उन्होंने लिखा कि स्थिति काबू में है और अब कोई खतरा नहीं है। ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यहां की आबादी लगभग 3,00,000 हैं।

**कनाडा के सरे में फायरिंग**

# मंदिर अध्यक्ष से 20 लाख डॉलर की फिरौती मांगी, इनकार पर किया हमला

एजेंसी ▸▸ ओटावा

पीएम नरेंद्र मोदी के कनाडा दौरे से पहले सरे इलाके में स्थित एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग की गई। यह घटना तब हुई जब कुछ दिन पहले उक्त प्रॉपर्टी के मालिक को करीब 20 लाख डॉलर की फिरौती मांगने वाला फोन आया था। यह घटना कनाडा के सरे में स्थित रिफ्लेक्शन बैंक्वेट हॉल के बाहर हुई। यह कॉल प्रॉपर्टी के मालिक और लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष सतीश कुमार को आई थी।

#### 7 जून को रात ढ़ाई बजे हुई वारदात

सतीश कुमार ने कहा कि ये वारदात बीती 7 जून को सुबह करीब ढाई बजे हुई। इससे पहले दो साल पहले दिसंबर माह में भी सतीश कुमार के बेटे के घर पर फायरिंग हुई थी। इस दौरान आरोपियों ने करीब 14 गोलियां चलाई थी। बता दें कि लक्ष्मी नारायण मंदिर कनाडा में हिंदुओं के लिए काफी मान्यता वाला मंदिर माना गया है। ऐसा चौथी बार हुआ है कि लक्ष्मी नारायण मंदिर के किसी पदाधिकारी को बदमाशों द्वारा टारगेट किया गया हो। अब सरे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पाकिस्तान को चेतावनी**

# हम आतंकवाद के साथ और नहीं जीएंगे हमला हुआ तो फिर से करारा जवाब देंगे



एजेंसी ▸▸ ब्रूसेल्स

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के करीब तीन हफ्ते बाद भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है और कहा है कि अगर फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से करारा जवाब देने में बिल्कुल नहीं हिचकेगा। जयशंकर इन दिनों बेल्जियम के दौरे पर हैं। वहां एक इंटरव्यू के दौरान जयशंकर ने कहा कि अगर आतंकी ठिकाने पाकिस्तान के भीतर मौजूद हैं तो हम पाकिस्तान में भीतर जाकर ही हमला करेंगे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और अगर पाकिस्तान की तरफ से फिर से आतंकी हमला हुआ तो भारत फिर से सैन्य कार्रवाई से नहीं हिचकेगा।

जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी।

**आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा यही प्रमुख समस्या**

**मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला कर निष्क्रिय किया**

### ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ

#### पाक आतंकियों को पनाह दे रहा

*जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह और प्रशिक्षण देता आ रहा है और हजारों आतंकी दक्षिणी सीमा पर मौजूद हैं। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि हम आतंकवाद के साथ अब और नहीं जीएंगे। हमारा संदेश साफ है कि अगर आगे भी पहलगाम जैसे हमले जारी रहे तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और यह कार्रवाई आतंकी संगठनों और आतंकी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद इस देश (पाकिस्तान) की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। यही प्रमुख समस्या है।*

#### बेल्जियम के साथ पुराने रिश्ते

जयशंकर ने बेल्जियम के साथ भारत के पुराने और मजबूत संबंधों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बेल्जियम हमेशा भारत का प्रमुख साझेदार रहा है और यह उन पहले देशों में से एक है जिसने भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। उन्होंने कहा कि अब भारत सिर्फ राजनीतिक समझ से संतुष्ट नहीं है, बल्कि आर्थिक सहयोग, जनसंपर्क और प्रवासी भारतीयों के कल्याण को भी आगे बढ़ाना चाहता है।

#### भारत को महत्व दे रहा यूरोप

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बदलती वैश्विक स्थिति के बीच यूरोप अब भारत के साथ मजबूत संबंधों को लेकर पहले से ज्यादा गंभीर हो गया है। उन्होंने कहा कि जैसे भारत ने 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, वैसे ही अब 'आत्मनिर्भर यूरोप' की सोच भी उभर रही है, जो दूसरों पर अपनी निर्भरता कम करना चाहता है। जयशंकर ने कहा कि यूरोप अब यह महसूस कर रहा है कि कई समस्याओं का हल उसे खुद ढूंढना होगा। इसी कारण वह अन्य देशों, खासकर भारत के साथ अपने रिश्तों को और गहराई देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यूरोप अब रणनीतिक स्वायत्तता को भी महत्व दे रहा है।

#### हमने पाक के एयरबेस तबाह किए

जयशंकर ने कहा कि 10 मई को ये लड़ाई केवल एक कारण से रुकी, वह यह कि 10 तारीख की सुबह हमने मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। जिन पाकिस्तानी एअरबेसों पर हमला किया गया और जो नुकसान हुए हैं, उसकी सैटेलाइट तस्वीरों को भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है इस पर वह इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन जल्द ही संबंधित प्राधिकरण द्वारा सही समय आने पर इस पर पूरी जानकारी दी जाएगी।

---

**खबर संक्षेप**

### कैटरीना बनीं मालदीव की टूरिज्म एंबेसडर



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

### हिमाचल में इजराइली पर्यटक लापता



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में ट्रैकिंग रूट त्रियुंड से एक इजराइली नागरिक के लापता हो गया है। उसका नाम सैमुअल वेंगरिनोविच है जो 6 जून को ट्रैकिंग पर निकला था, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटा। सैमुअल की साथी एडिबलम ने सोमवार को मैक्लोडगंज पुलिस को इसकी सूचना दी। वे धर्मकोट क्षेत्र में ठहरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 5 लोग हिमाचल की यात्रा पर आए थे। मगर, सैमुअल वेंगरिनोविच ट्रेकिंग के वक्त कहीं खो गए हैं।

**बांग्लादेश में अवामी लीग का आरोप**

# यूनुस शासन में जेलें यातना कक्ष बनी, हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या

एजेंसी ▸▸ ढाका

अवामी लीग ने आरोप लगाया है कि उनके कार्यकर्ताओं की जेल में लक्ष्य कर हत्या की जा रही है, जो सही नहीं है। लीग ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सीधे इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और सख्त लफ्जों में इस कृत्य की निंदा की। अवामी लीग ने एक बयान में कहा कि देश भर की अलग-अलग जेलों में बांग्लादेश अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की रहस्यमयी मौतों और क्रूर दमन की एक श्रृंखला ने आक्रोश और चिंता को जन्म दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों और अधिकार समूहों का कहना है कि ये अलग-थलग घटनाएं नहीं हैं।

### ढाका में प्रदर्शन पर रोक

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। विपक्षी दलों, सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों और सेना के बीच भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस बीच ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने राजधानी के केंद्र में सभी रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और जनसभाओं पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, ढाका पुलिस ने मोहम्मद यूनुस के आधिकारिक निवास 'जमुना गेस्ट हाउस' और बांग्लादेश सचिवालय के आसपास के एरिया को पूरी तरह सील कर दिया है।

### 21 लोगों की हिरासत में मौत हुई



अवामी लीग ने खुलासा किया कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से अवामी लीग के कम से कम 21 सदस्यों की हिरासत में मौत हो चुकी है। कथित तौर पर जेलों के अंदर और पुलिस हिरासत में हुई हत्याएं, राष्ट्रीय कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों दोनों का गंभीर उल्लंघन है। अवामी लीग ने इन सभी मौतों के लिए तत्काल राष्ट्रीय कार्रवाई और न्यायिक जांच आयोगों की आवश्यकता पर जोर दिया है।

**शिप पर केमिकल से भरे 650 कंटेनर लदे हुए**

# केरल तट के पास जल रहे जहाज में आग बुझाने की कोशिश जारी

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

केरल तट के नजदीक जल रहे सिंगापुर के झंडे वाले जहाज की आग बुझाने को कोशिश जारी है। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने क्रू के 18 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया है। वहीं क्रू के चार सदस्य अभी भी लापता हैं। कुछ क्रू सदस्य घायल हैं और उनमें से दो की हालत गंभीर है। जहाज में रविवार को आग लगी थी और मंगलवार को भी नौसेना, तटरक्षक बलों द्वारा संयुक्त और समन्वित बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जहाज पर करीब 650 कंटेनर लदे थे।



### चीन ने नौसेना को कहा धन्यवाद

*चीन की भारत में राजदूत यू जिंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'जहाज के क्रू में 22 लोग थे, जिनमें से 14 चीनी नागरिक हैं। छह लोग ताइवान के हैं। हम भारतीय नौसेना और मुंबई तटरक्षक बल को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। हम दुआ करते हैं कि घायल क्रू सदस्य जल्द ठीक हो जाएं।*

**भारतीय छात्र से अपराधी जैसा व्यवहार**

# न्यूयॉर्क एयरपोर्ट पर हथकड़ी लगाकर भारत किया डिपोर्ट

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका में एक भारतीय छात्र को न्यूयार्क एयरपोर्ट पर अपराधियों की तरह जमीन पटका गया और फिर हथकड़ी लगाकर भारत डिपोर्ट किया गया। भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

### छात्र को जमीन पर पटक दिया

जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं, ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। छात्र लगातार रोता रहा। उसने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। दूतावास ने लिखा कि हम इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं।

---

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का ऐलान, लॉस एंजिलिस में हालात खराब**

पिछले चार दिनों से इमिग्रेश के खिलाफ लगातार प्रदर्शन जारी

# प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए 700 मरीन सैनिक भी होंगे तैनात

## कैलिफोर्निया के गवर्नर की गिरफ्तारी का समर्थन करेंगे ट्रंप

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में 4 दिनों से जारी हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। यह हिंसक प्रदर्शन अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहे हैं। इस प्रदर्शन को काबू करने के लिए ट्रंप प्रशासन ने 2000 नेशनल गाड्‌र्स और तैनात करने का फैसला किया है, जिससे इनकी कुल संख्या 4000 हो जाएगी। इसके अलावा 700 मरीन कमांडों भी तैनात करने का फैसला किया है। हालांकि, ट्रंप के इस फैसले की काफी आलोचना हो रही है। वहीं, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कैलिफोर्निया में नेशनल गार्ड की तैनाती करके 'बहुत बढ़िया फैसला' लिया है।





### प्रदर्शनकारियों को डेमोक्रेट्स पार्टी का मिला साथ

देश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को निर्वासित करने की नीतियों के खिलाफ इस प्रदर्शन को डेमोक्रेट्स पार्टी का भी साथ मिल रहा है। वहीं, मरीन जवान नेशनल गार्ड के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। ये दक्षिण कैलिफोर्निया के ट्वेंटी नाइन पाम्स बेस से आ रहे हैं।

### कैलिफोर्निया के गवर्नर का फूटा गुस्सा

**कहा- ट्रंप पर दर्ज होगा मुकदमा**



राज्य के नेशनल गार्ड का नियंत्रण अपने हाथ में लेने और उसे लॉस एंजिल्स की सड़कों पर तैनात करने के ट्रंप के फैसले को कैलिफोर्निया के अधिकारी अदालत में चुनौती देंगे। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने कहा कि यह बिल्कुल वही है जो ट्रंप चाहते थे। उन्होंने आग भड़काई और अवैध रूप से नेशनल गार्ड को संघीय बनाने का काम किया। हम उन पर मुकदमा करने जा रहे हैं। इससे पहले न्यूसम ने कहा था कि राज्य के गवर्नर से परामर्श किए बिना किसी राज्य के नेशनल गार्ड को कमान सौंपना गैरकानूनी है।

**चामुंडा माता मंदिर में घुसी अनियंत्रित बस**

# बाइक सहित ई-रिक्शा और दुकानों को हुआ नुकसान, कई श्रद्धालु बचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

चामुंडा माता मंदिर परिसर में मंगलवार सुबह एक बस अचानक रिवर्स करते हुए घुस गई। इस वक्त वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, लेकिन सभी ने समय रहते भागकर जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मंदिर के बाहर कई श्रद्धालु दर्शन कर रहे थे और कुछ की गाड़ियां मंदिर के पास खड़ी थीं। इसी दौरान बीएसएनएल ऑफिस की तरफ खड़ी यादव ब्रदर्स की बस जो उज्जैन से ओंकारेश्वर रूट पर चलती है, अचानक रिवर्स में चल पड़ी और सीधे मंदिर के बाहर जा टकराई।



# जगन्नाथ स्वामी स्नान यात्रा आज, 56 भोग लगेंगे

## कोलकाता से आ रही अदिति मुंशी प्रस्तुत करेंगी हरिनाम संकीर्तन

जबलपुर।

बंगभाषियों की प्राचीन एवम प्रमुख संस्था सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक के जगन्नाथ मंदिर में बुधवार 11 जून को संध्या 6 बजे से स्नान यात्रा जिसे देव स्नान पूर्णिमा भी कहा जाता है आयोजन किया गया है। सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि परंपरा अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रतिष्ठा दिवस एवं स्नान यात्रा के साथ भगवान को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर कोलकाता से प्रख्यात कीर्तन गायक अदिति मुंशी द्वारा हरिराम कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा इसके पश्चात भक्तजनों को 56 भोग प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

### स्नान यात्रा की मान्यता

जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा ,बड़े भाई बलभद्र को शुद्ध जल से स्नान कराया जाता है इसके बाद तीनों देव एकांतवास में चले जाते है फिर रथ यात्रा के दिन लोगो को दर्शन देते है। ऐसा माना जाता है की देवों के अवस्वस्थ होने पर 15 दोनो तक काढ़ा का प्रसाद चढ़ाया जाता है।स्वस्थ होने पर जनदर्शन के लिए रथ यात्रा निकाली जाती है।





### 15 दिन बंद रहेंगे मंदिर के कपाट

स्नान यात्रा पूजा के पश्चात गुरुवार 12 जून से सिटी बंगाली क्लब के जगन्नाथ मंदिर के कपाट 26 जून तक बंद हो जाएंगे परंपरा अनुसार 27 जून को रथयात्रा के दिन तीनों देव रथ पर सवार होकर शहर में जनदर्शन के लिए निकलेंगे। भक्तजनों में उत्साह स्नान यात्रा को लेकर भक्तजनों में उत्साह है भगवान जगन्नाथ को भोग प्रसाद के लिए भक्त गण घरों से बनाकर अर्पित करेंगे वहीं अदिति मुंशी के संकीर्तन सुनने के लिए बेसब्री से इंतजार किया जा रहा कीर्तन को जनप्रिय बनाने ओर घर घर पहुंचाने का श्रेय अदिति मुंशी को दिया जाता है बंगाल में प्रसिद्ध अदिति देश विदेश में कार्यक्रम प्रस्तुत करती है वे जबलपुर पहली बार आ रही है। समिति के सदस्यों ने भक्तजनों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# प्रदेश के तहसील मुख्यालयों में किसानों का प्रदर्शन

## ट्रैक्टर लेकर पहुंचे किसानों ने रखी मूंग खरीदी की मांग





**जबलपुर।** भारी गर्मी व तपती दोपहरी में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत तहसील मुख्यालयों पर आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हुए किसानों ने प्रदेश सरकार व प्रशासन की नींद उड़ाकर रख दी। प्रदर्शन में किसानों ने मुखर होकर खेती किसानी में आ रही समस्याओं को लेकर जमकर कोसा। मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर शुरू हुए आंदोलन में किसान अब सभी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग सरकार से करने लगे हैं। किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा जिन फसलों के समर्थन मूल्य घोषित किये गए हैं। सरकार को उस मूल्य पर मंडी के बाहर या मंडी के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करनी होगी। किसानों ने अपनी समस्याओं व मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुभागीय अधिकारियों को सौंपा।

जबलपुर जिले की पाटन, शहपुरा, पनागर, मंझोली तहसील में किसान धरना प्रदर्शन में ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। रैली में ट्रैक्टर लेकर चल रहे किसान अभय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में किसान सरकार की नीतियों से दुखी है। धान गेंहू खरीदी में जारी घोटाले, भुगतान की समस्या, नकली खाद, बीज, कीटनाशक आदि के कारण किसान पीड़ित है। आंदोलन के सिवाय अपनी मांगे सरकार के सामने रखने किसान के पास अन्य कोई विकल्प नहीं है।

### सैकड़ों तहसील में हुए प्रदर्शन

भारतीय किसान संघ के प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल हुए किसानों की भारी संख्या ने सरकार व प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासनिक स्तर पर किसानों की समस्याओं व कृषि योजनाओं को लेकर समीक्षा करने की बात कही जा रही है। किसान संघ के तहसील मुख्यालयों में हुए धरना, प्रदर्शन व ज्ञापन की पल पल की जानकारी लोकल इंटेलीजेंस से मांगी गई है।

### ये हुए शामिल

जबलपुर की सभी तहसीलों में आयोजित धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, मंझोली तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कुंडम तहसील अध्यक्ष सतीश झारिया, अभय प्रताप सिंह, धनंजय पटेल, पुखराज सिंह चंदेल, धरम पटेल, सुनील पटेल, दामोदर पटेल, दिनेश पटेल, भरत पटेल, रीतेश पटेल, भानु पटेल, रीतेश पचौरी, राजेश पटेल, समनू यादव, मुन्ना सिंह मरावी, बृजलाल आदि सहित सैकड़ों गांवों के किसान बंधु शामिल हुए।

### पटवारियों के हुए तबादले

प्रदेश शासन ने मंगलवार देर रात पटवारियों के तबादलों की सूची जारी की। इसमें श्रीमति रुपेश्वरी कुंजाम प्रभारी तहसीलदार छिंदवाडा का तबादला जबलपुर किया गया है।

# परीक्षा परिणाम घोषित किये बिना, अगले सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि घोषित



**जबलपुर।** महाकौशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा परीक्षा विभाग मे चल रहीं घोर लापरवाही के चलते छात्रो का शोषण किया जा रहा हैं जिसके विरोध कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया. एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा रानी दुर्गावती विश्विद्यालय के परिक्षा विभाग की घोर लापरवाही से छात्रो का शोषण किया जा रहा हैं, जिसमें एलएलएम थर्ड सेमेस्टर, एवं एलएलबी कॉपी व्यू और रिटोटलीग के रिजल्ट घोषित किये बिना अगले सेमेस्टर के परिक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि घोषित हो गई हैं जो की 13 जून हैं, छात्र हजारो रुपये लगा कर कॉपी व्यू चेक , रिटोटलीग का फॉर्म भरे हैं , और दूसरे ओर जो रिजल्ट आया ही नहीं हैं उनका भी फॉर्म भरा जरा हैं जिसमें एलएलएम थर्ड सेमेस्टर हैं, यदि जो छात्र अपनी पिछली सेमेस्टर मे फेल हो जाते हैं तो उसकी पूरी परिक्षा फीस बर्बाद हो जायगी विश्विद्यालय की यहा घोर लापरवाही भ्रष्टाचार सामने आया हैं जिसको तत्काल सुधार कर परिक्षा फॉर्म की अंतिम तिथि रिजल्ट आने के बाद घोषित किया जाने की मांग की गई हैं. इस दौरान अंकुश चौधरी, रोहित कुरील, पवन रैदास, सुरेंद्र शर्मा, अभिरूप चंसौरिया, पुनीत चौबे, रॉबिन जैन, गिरीश मराठा, राहुल झरिया, चंद्र कुमार, अजय पटेल, जयदीप, रजनीश, उपस्थित रहें।

# गायत्री शक्तिपीठ में कर्मकांड प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जबलपुर। अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में आगे आकर भारतीय संस्कृति के वैदिक कर्मकांड की ओर अग्रसर हो रही है और यह महिलाएं घर-घर जाकर पूजा- पाठ, जन्मदिन संस्कार ही नहीं बिना किसी जाति बंधन के समस्त वैदिक संस्कार संपन्न करा रही हैं। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा 1980 में ही 21वीं सदी-नारी सदी का उद्घोष किया गया था और आज यह महिलाएं सभी क्षेत्रों में परम पूज्य गुरुदेव के स्वप्न को साकार कर रही हैं . गायत्री परिवार की बहनें घर-घर जाकर भारतीय संस्कृति की ध्वजा फहरा रही है । उक्त विचार शांतिकुंज, हरिद्वार से पधारी हुई टोली के नायक सर्वेश शर्मा जी द्वारा गायत्री शक्तिपीठ, मनमोहन नगर में चलाए जा रहे कर्मकांड शिविर में है व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि कर्मकांड शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं युवा पीढ़ी को कर्मकांड की बारीकियां समझाते हुए शुद्ध मंत्र उच्चारण एवं उसके आध्यात्मिक, वैदिक एवं वैज्ञानिक महत्व को आम जनता तक पहुंचाने का है। जिससे जो भी पूजा पाठ,यज्ञ, हवन, दीप यज्ञ, संस्कार आदि संपन्न कराते समय किसी भी प्रकार की कमी शेष ना रहे। और कराने वाले को इसका पूरा आध्यात्मिक एवं वैदिक फल प्राप्त हो । टोली द्वारा शिक्षार्थियों को संगीत का प्रशिक्षण ढपली पर दिया गया ।

# कलमवीर संघर्ष संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

## शुभम शुक्ला अध्यक्ष, सुनील साहू बने संरक्षक





**जबलपुर।** कलमवीर संघर्ष संगठन ने मध्य प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना और पत्रकारों के हितों की रक्षा करना है। इस कार्यकारिणी में अनुभवी और समर्पित पत्रकारों को शामिल किया गया है, जो पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पत्रकारों के हितों की रक्षा करने के लिए काम करेंगे। प्रदेश संरक्षक सुनील साहू को और प्रदेश अध्यक्ष शुभम शुक्ला को बनाया गया। कलमवीर संघर्ष संगठन की नवगठित कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष शुभम् शुक्ला (जबलपुर), प्रदेश उपाध्यक्ष सुहरप्रीत कौर रीन (भोपाल), प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे (शहडोल), प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश सोनी (जबलपुर), प्रदेश उपाध्यक्ष अजय सिसौधिया (इंदौर), प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद खान (ग्वालियर), प्रदेश उपाध्यक्ष लाल साहब कौरव (नरसिंहपुर), प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सोलाखे (बालाघाट), प्रदेश उपाध्यक्ष अजय मिश्रा (सिंगरौली), प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा (सिवनी, प्रदेश उपाध्यक्ष लखन भांडे (मंडला), प्रदेश महासचिव विनोद मिश्रा (जबलपुर), प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र सोनी (डिंडौरी), प्रदेश सचिव श्रीमति सुरभि तिवारी (जबलपुर), प्रदेश सचिव रत्नेश दुबे (मंडला), प्रदेश सचिव अजय शर्मा (कटनी), प्रदेश सचिव दिनेश दाहिया (रीवा), प्रदेश सचिव ललित साहू (छिंदवाड़ा), प्रदेश सचिव सुधीर खरे (जबलपुर), प्रदेश सचिव रत्नेश दुबे "बंटी"(मंडला), प्रदेश सचिव किशोर गौतम नन्हें (जबलपुर) प्रदेश सचिव दिनेश यादव (रायसेन) बनाया गया है. वहीं प्रदेश सहसचिव अविनाश दुबे (अनूपपुर), प्रदेश सहसचिव राजेश शर्मा "राजू" (जबलपुर), प्रदेश सहसचिव सिद्धार्थ तिवारी (जबलपुर), प्रदेश प्रवक्ता हर्षित चौरसिया (जबलपुर) शामिल हैं।

कलमवीर संघर्ष संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक गिरीष पाण्डे ने कहा, एक सक्रिय और प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन ने प्रदेश स्तर पर अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन की बैठक जबलपुर में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया है। कलमवीर संघर्ष संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मयंक तिवारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि मध्यप्रदेश की नई कार्यकारिणी पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पत्रकारों के हितों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हम पत्रकारों के हितों की रक्षा करने और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कलमवीर संघर्ष संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विवेक यादव ने कहा, कलमवीर संघर्ष संगठन सभी पत्रकार साथियों से सहयोग की अपेक्षा करता है और प्रदेशभर में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



# नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा आज

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा 11 जून बुधवार जेष्ठ पूर्णिमा पर प्रात 6 बजे बुधवार को पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में 467 वी पंचकोशी दंडवत करते हुए निकाली जाएगी उसके बाद 4 माह चातुर्मास के कारण पंचकोषी परिक्रमा बंद रहेगी कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ से प्रारंभ होगी पंचकोषी परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन होते हुए लमेटा घाट में नाव से पार कर शानी मंदिर न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज जी के सानिध्य में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र के वितरण के साथ यात्रा का समापन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल पप्पू चौबे विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी दुर्गा पटेल सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है।



# विश्व नेत्रदान दिवस पर विशेष कार्यक्रम

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर में विश्व नेत्रदान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि दादा वीरेन्द्रपुरी महाराज आई बैंक एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विश्व नेत्रदान दिवस पर नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. अपूर्वा स्थापक ने नेत्रदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा की हम किस तरह समाज में उन लाखों लोगों को रौशनी दे सकते है जिनमें जन्म से या किसी एक्सीडेंट के कारण नेत्र ज्योति चली गई है वे इस दुनिया को तभी देख पाएंगे जब हम नेत्रदान करेगें। नेत्रदान से दृष्टिहीनता को समाज मे कम करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ,डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. समता नायडू, श्री नरेन्द्र मालवीय, डॉ. महेन्द्र कुषवाहा, डॉ. कविता शाक्य, डॉ. अवधेश बागरी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. मीनाक्षी मेरावी, डॉ. साजदा खान, डॉ. राहुल झारिया, डॉ. अनीता अग्रवाल, श्री मनीष गुजराती, डॉ. बिजेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. सुशील ठाकरे, डॉ. नीलिमा के साथ कर्मचारी एवं लगभग 110 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# कैलवास में वैज्ञानिकों ने किसानों से साझा की कृषि तकनीकें

**जबलपुर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम कैलवास में कृषि से संबंधित विविध विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, निदेशक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय डॉ. जे.एस. मिश्रा, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रद्युमन सिंह, पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता एवं उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. अक्षता तोमर द्वारा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।इस अवसर पर डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. जे.एस. मिश्रा एवं डॉ. प्रद्युमन सिंह ने खरपतवार प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. प्रमोद गुप्ता ने पौध संरक्षण तकनीकों पर किसानों को प्रशिक्षित किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराना एवं प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, फसल विविधिकरण व जैविक खेती का प्रचार-प्रसार करना साथ ही आत्मनिर्भर किसान और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बेहतर कदम है। इस अभियान के तहत प्रमुख गतिविधियों के अंतर्गत किसानों से संवाद एवं कार्यशालाएं आयोजित करना, वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान करना, किसानों की समस्याओं का समाधान चर्चा के माध्यम से करना साथ ही प्रदर्शनी एवं तकनीकी प्रदर्शनी, नवीनतम कृषि यंत्रों, जैविक उत्पादों और सिंचाई तकनीकों की प्रदर्शनी, स्वदेशी बीजों और उन्नत किस्मों की जानकारी देना,।

# भाजपा की प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी आज

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल - सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर द्वारा आयोजित कार्यक्रमो की श्रृंखला में भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा प्रोफेशनल मीट का आयोजन बुधवार 11 जून को शाम 5 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में किया गया है। कार्यक्रम को केंद्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) संबोधित करेंगे। इस अवसर पर केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसका उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया जायेगा।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा का आगमन बुधवार को दोपहर 3:30 बजे डुमना एयरपोर्ट पर होगा। श्री सोनकर ने बताया भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह उपस्थित रहेंगे।





# यूको बैंक ने किया कार्निवल का आयोजन

**जबलपुर।** यूको बैंक द्वारा मंगलवार को एमएसएमई, एग्री, रिटेल और रिसोर्स कार्निवल का आयोजन किया गया। इस कार्निवल में हेड ऑफिस से महाप्रबंधक श्रीमती लकी नायक एवं अंचल कार्यालय से अंचल प्रबंधक लोकेश कुमार उपस्थित रहे और बैंक के विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्राहकों को अवगत कराया गया। यूको बैंक ने प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत के विजन पर ध्यान दिया और जून तिमाही में एमएसएमई कार्निवल को 3 चरणों में आयोजित किया गया, जिसका तीसरा चरण गत दिवस संपन्न किया गया। इस अवसर पर शीतल लंके, तेजल देवरी शाखा की प्रबंधक आदि मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और भविष्य में इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से ग्रहकों को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक-स.क्रं 11/2025-26/ दिनांक 10-06-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मीरा दीक्षित पति स्व. श्री बसंत दीक्षित ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 3254 दीक्षित किराना के पास गौरैया घाट तिलहरी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000381800 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1240RCC वर्गफुट शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. बसंत कुमार पिता तुलसीदास दीक्षित का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,नगर निगम जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/41
दिनांक :- 10/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बिल्लू सिंह पिता श्री त्रिलोक सिंह ने मकान नं. दु. नं.-8 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान बैसमेंट-185 व.फु., भूतल 185 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/43
दिनांक :- 10/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अतुल अग्रवाल (एच.यू.एफ.)द्वारा कर्ता श्री अतुल अग्रवाल पिता स्व. श्री जागेश्वर नाथ अग्रवाल ने मकान नं. 636/1एफ 101 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 888 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/42
दिनांक :- 10/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1)श्री कृष्ण कांत गुप्ता पिता श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता (2)श्रीमती प्रियंका गुप्ता पति श्री कृष्ण कांत गुप्ता ने मकान नं. 244 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 80 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर